दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

साइकिल सवार देंगे ईट राइट इंडिया का संदेश

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर केंद्र सरकार ने भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा “ईट...

Dainik Bhaskar
Oct 26, 2018

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर केंद्र सरकार ने भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा “ईट राइट मूवमेंट” के बैनर तले “स्वस्थ्य भारत यात्रा” (लौह यात्रा) की शुरुआत की है। 16 अक्टूबर को इसकी शुरूआत विश्व खाद्य दिवस से की गई।

समापन 27 जनवरी को दिल्ली में होगा। इस यात्रा का मार्ग लगभग 18,000 किलोमीटर होगा। यह यात्रा साईकल चालक दल के माध्यम से संपूर्ण देश में करीब 17000 से अधिक साइकिलिस्ट द्वारा संपन्न की जाएगी। मध्यप्रदेश में यह यात्रा 11 दिसंबर से 9 जनवरी तक प्रस्तावित है। साईकल सवार अपनी साईकल पर बैठकर स्वस्थ्य भारत यात्रा संपन्न करेंगे। इस यात्रा के साथ दो प्रमुख वाहन जिसमें एक प्रचार -प्रसार वाहन जिसमें एलईडी स्क्रीन द्वारा विभिन्न प्रकार के वीडिओ जनजागरूकता के लिए दिखाए जाएंगे। मोबाइल फ़ूड लैब के द्वारा प्रमुख स्थानों पर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की ऑन द स्पॉट जांच की जाएगी। इस यात्रा का आगमन सागर में 25 व 26 दिसंबर को होगा। सागर में इस यात्रा के प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आईएस ठाकुर रहेंगे। यात्रा सागर से मालथौन की तरफ जाएगी। मालथौन में 27 , 28 दिसंबर आगमन होगा। जिसके प्रभारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव होंगे। सागर में इस कार्यक्रम में सहयोग के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी दमोह राकेश अहिरवाल व खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीकमगढ़ राकेश त्रिपाठी नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक स्थान पर तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे।